भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 164**

दिनांक 24.02.2015/5 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**आपदा प्रबंधन हेतु वायु सहायता**

**†164. श्री सी0 महेंद्रन:**
**श्री पी० नागराजन:**
**श्री ए० अनवर राजा:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन०डी०आर०एफ०) को समर्पित वायु सहायता उपलब्ध कराने का है ताकि आपदा स्थल पर पहुँचने की अवधि को कम किया जा सके;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एन०डी०आर०एफ० और ए०आई०आई०एम०एस० के बीच हुए समझौता ज्ञापन की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार आपदा मोचन हेतु व्यापक योजना बनाने हेतु एन०डी०आर०एफ० के साथ अग्नि शमन, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड का विलय करना है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

**(क) और (ख) : देश की संवेदनशीलता की रूपरेखा के अनुसार, एनडीआरएफ की दस बटालियनें पूरे देश में तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ को विशेषज्ञतायुक्त उपकरणों से लैस किया गया है और यह प्राकृतिक अथवा मानव-जनित आपदाओं से निपटने के लिए भली-भांति प्रशिक्षित है। राज्यों से मांग प्राप्त होने पर, एनडीआरएफ त्वरित संभव समय में अपेक्षित स्थान पर पहुंच जाती है। आवश्यकता होने पर, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के माध्यम से एनडीआरएफ के लिए विमान सहायता का प्रबंध करता है। वर्तमान में एनडीआरएफ के लिए अनन्य रूप से कोई विमान सहायता उपलब्ध नहीं है। तथापि, अधिप्राप्ति के अधीन 02 एमआई-17 वी 5 हेलीकॉप्टरों को आपदा राहत, वीआईपी ड्यूटी, एनएसजी अभियान एवं अन्य प्रतिबद्धताओं के लिए दिल्ली में रखे जाने का प्रस्ताव है।**

**----2/**

<u>लो०स०अता०प्र०सं०-164</u>

(ग) : एनडीआरएफ और जेपीएनएटीसी (जय प्रकाश नारायण अपेक्स ट्रामा सेंटर), अखिल भारतीय चिकित्सा एवं आयुर्विज्ञान संस्थान ने देश के भीतर या बाहर आपदा संबंधी कार्रवाई के लिए चिकित्सा देखभाल प्रदान करने पर विशेष बल के साथ आपदा प्रबंधन में क्षमता निर्माण संबंधी पहलों के लिए दिनांक 14.01.2015 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के भाग के रूप में, विशेषज्ञ नर्सों, चिकित्सा-सहायकों सहित अखिल भारतीय चिकित्सा एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञ एनडीआरएफ कार्रवाई दल के चिकित्सा घटक का हिस्सा होंगे। एनडीआरएफ के चिकित्सा कार्मिकों के कौशल में सुधार के लिए, आपातकालीन मामलों के प्रबंधन में सेवा कालीन प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के लिए जेपीएनएटीसी के साथ उनके लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

(घ) और (ड.) आपदा की स्थिति में व्यापक कार्रवाई के लिए सरकार एनडीआरएफ के साथ अग्नि सेवाओं, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के कार्यों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की संभावना का पता लगा रही है।

*****